तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 14 दिसंबर 2024

11 कलश यात्रा के साथ शिव श्री महापुराण कथा का शुभारंभ

12 भाव प्रधान है भागवत कथा, जो हमें धर्म अधर्म, पाप...

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

प्रेम रतन पैलेस & रिसोर्ट
राजिम-जिला गरियाबंद (छ.ग.)
ठहरने की सर्वसुविधा युक्त शानदार व्यवस्था
सगाई, शादी ब्याह - बर्थ-डे पार्टी किटी पार्टी, ऑफिशियल मीटिंग, साल गिराह, फैशन शो की पूरी सुविधा
• हरा-भरा गार्डन
• शुद्ध हवा • AC रूम
• 24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं
नया रायपुर से बहुत करीब, गरियाबंद मार्ग सांई मंदिर से चंद कदम दूर, राजिम
मो.नं. 7693040000, 8819959966, 8871500900
प्रबंधक की आवश्यकता है युवक-युवती संपर्क करें 9926133072

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री कन्या विवाह आज 130 जोंड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

गरियाबंद। पुलिस ग्राउंड में मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह का आयोजन 14 दिसंबर को किया जा रहा है। कार्यक्रम में 130 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित साहू, विधायक, राजिम विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षता जनक ध्रुव विधायक बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र करेंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम की सूचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से दी गई थी। गरियाबंद जिले में 130 जोड़ों का चयन किया गया है, जो संतोषजनक संख्या है। सभी जोड़ों की पात्रता परियोजना अधिकारियों द्वारा जांची गई है। जांचने के बाद जोड़ों का विवाह कराया जा रहा है।

आज दत्तात्रेय जयंती में विधायक होंगे शामिल

राजिम। राजिम के श्री दत्तात्रेय मंदिर में गोस्वामी समाज द्वारा

दत्तात्रेय जयंती 14 दिसंबर को मनाई जाएगी। जानकारी के अनुसार प्रातः 8 बजे भगवान दत्तात्रेय का मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना। 10.30 बजे शोभायात्रा। दोपहर 12 बजे सामूहिक भोज। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यख रेखा-जितेंद्र सोनकर ,जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष अशोक गोस्वामी करेंगे। इस अवसर पर भगवताचार्य कीर्ति किशोरी मुख्य वक्ता तथा भगवताचार्य गीता गोस्वामी भजन प्रस्तुति करेंगी।

मानिकचौरी में रासेयो का विशेष शिविर 17 से

नवापारा-राजिम। फुलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के रासेयो द्वारा ग्राम मानिकचौरी में 17 दिसंबर से 23 दिसंबर तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उदघाटन समारोह 18 दिसंबर को दोपहर 3 बजे पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू करेंगे। पुरूस्कार एवं समापन समारोह 23 दिसंबर दोपहर 2:30 बजे विधायक इंद्रकुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षण समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल करेंगे।

सहकारी विकास समिति की बैठक आज

गरियाबंद। अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति गरियाबंद द्वारा 16 दिसमंबर को अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साधारण सभा की बैठक रखी गई है। अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी रश्मि गुप्ता ने साधारण समिति की बैठक में सभी सदस्यों को आने का आग्रह किया है।

चौथी एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत आज

महासमुंद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार शनिवार 14 दिसंबर को सम्पूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

अंचल में बादल खुलते ही बढ़ने लगी ठंड, ठिठुरन का भी हो रहा है अहसास

प्रथम सप्ताह की तुलना में तापमान 5 डिग्री तक गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अंचल में अब पिछले दो दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात तो रात दिन में भी ठंड का अहसास होने लगा है। बता दें कि दिसंबर के प्रथम सप्ताह में घनी बदली एवं हल्की बूंदाबांदी के कारण तापमान में वृद्धि हो गई थी जिससे जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ था। लेकिन 10 दिसंबर से पुनः ठंड ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। क्षेत्र में सुबह कोहरा एवं कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिसंबर के प्रथम सप्ताह की तुलना में तापमान 5 से लेकर 6 डिग्री तक नीचे आ गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि माह दिसंबर के अंत तक ठंड पिक पर रहेगा। ठंड के साथ-साथ ठिठुरन का अहसास भी हो रहा है। सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए रायपुर मार्ग पर बड़े गार्डन में लोगों की संख्या कम हो गई है। मौसम खुलने एवं ठंड बढ़ने से अब विभिन्न स्कूलों में खेल प्रतियोगिताएं प्रारंभ होने लगी है। 23 दिसंबर से एक जनवरी तक विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज में शीतकालीन अवकाश की घोषणा भी कर दी गई है। फलस्वरुप राजिम पर्यटन स्थल में सैलानियों की संख्या में जबर्दस्त बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी।

जरूरतमंदों को देंगे स्वेटर व कंबल

श्री सालासार सुंदरकाण्ड हनुमान चालीसा समिति द्वारा ऐलान किया गया है कि नगर में कोई भी व्यक्ति जिनके पास गरम कपड़ा न हो, ठंड से ठिठुर रहा हो, वृद्ध हो, विक्षिप्त हो, ऐसी जानकारी मिलने पर उनके पास कंबर, स्वेटर तत्काल भिजवाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समिति के संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि जरूरतमंदो और दीनहीन की सेवा ही समिति का मुख्य उद्देश्य है। श्री काबरा ने भेजे जानकारी में यह भी कहा है कि यदि किसी निर्धन परिवार में किसी की मृत्यु हो जाती है तो उस परिवार की जरूरत पर दशगात्र के लिए तुरंत राशन सामग्री प्रदान किया जाएगा।

बैठक : धान उठाव एवं मिलिंग प्रक्रिया जारी रखने हुई आवश्यक चर्चा

राइस मिलरों की मांगों एवं समस्याओं का निरंतर किया जा रहा है निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अपर मुख्य सचिव खाद्य विभाग के द्वारा विगत दिवस वीसी के माध्यम से दिए गए निर्देशानुसार शुक्रवार को कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले के राईस मिलरों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में राईस मिलरों द्वारा धान उठाव एवं एफसीआई-नान में चावल जमा की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही राईस मिलरों द्वारा बताए गए समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा राईस मिलरों की विभिन्न मांग एवं समस्याओं का निरंतर निराकरण किया जा रहा है। कुछ दिवस पहले कैबिनेट के बैठक में भी राईस मिलरों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस प्रकार राज्य शासन द्वारा राईस मिलरों के विभिन्न मुद्दों को समाधान करने की प्रक्रिया जारी है। आगे भी बैठक एवं चर्चा के माध्यम से विभिन्न मुद्दों को सुलझा लिया जायेगा।

■ कलेक्टर ने जिले के राईस मिलरों की बैठक ली

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया सतत रूप से जारी है। किसान अनवरत रूप से अपना धान खरीदी केन्द्रों में बेच रहे है। जिससे खरीदी केन्द्रों में धान की आवक भी बढ़ी हुई है। उन्होंने जिला प्रशासन के सहयोग एवं समन्वय से किसानों की सुविधा के लिए धान का उठाव जारी रखने को कहा। साथ ही कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया भी जारी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मिलरों को अनुमति, अनुबंध एवं बैंक गारंटी जमा कर धान उठाव सुचारू रूप से जारी रखने पर भी राईस मिलरों से चर्चा की। राईस मिलरों ने भी शासन-प्रशासन से समन्वय बनाकर धान उठाव एवं चावल जमा करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस दौरान बैठक में जिला खाद्य अधिकारी सुधीर चन्द्र गुरू, डीएमओ अमित चन्द्राकर सहित जिले के राईस मिलर्स मौजूद रहे।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए आरक्षण की समय सारिणी जारी

कलेक्टर ने नियमानुसार आरक्षण की कार्रवाई कराने के दिए निर्देश

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन के लिए 11 दिसंबर समय सारणी जारी कर दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच, वार्ड पंच, जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं जनपद निर्वाचन क्षेत्र तथा जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही के लिए आम सूचना 12 दिसंबर 2024 को जारी कर दिया गया है। आरक्षण संबंधी सम्पूर्ण कार्यवाही का समय - समय पर जनसाधारण की जानकारी के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आम सूचना समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालयों, तहसील कार्यालयों, जनपद कार्यालयों, ग्राम पंचायत कार्यालयों एवं ग्राम पंचायत के सहज दृश्य स्थलों पर चस्पा कराने एवं इस संबंध में मुनादी कराने हेतु समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आम सूचना अनुसार 17 दिसंबर 2024 को जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों का आरक्षण तथा जनपद पंचायत के सदस्य पद के आरक्षण की कार्यवाही जिला मुख्यालय में वन विभाग ऑक्शन हॉल गरियाबंद में स्वयं विहित प्राधिकारी कलेक्टर जिला गरियाबंद द्वारा जिले के आम नागरिकों की उपस्थिति में की जायेगी। आरक्षण की प्रक्रिया प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ की होगी।

ग्राम पंचायतों के सरपंच पद एवं वार्डो के आरक्षण की कार्यवाही 19 दिसंबर 2024 को विकासखंड मुख्यालय में की जायेगी। इसके लिए संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) को अभिविहित किया गया है। इनमें जनपद पंचायत गरियाबंद के लिए अर्पिता पाठक, जनपद पंचायत छुरा के लिए रामसिंह सोरी, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के लिए विशाल महाराणा, जनपद पंचायत मैनपुर के लिए पंकज डाहिरे तथा जनपद पंचायत देवभोग के लिए तुलसीदास मरकाम होंगे। आरक्षण की कार्यवाही प्रातः 10.00 बजे का समय नियत किया गया है। आरक्षण की कार्यवाही का शासन के नियमों एवं पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संपादन के लिए कलेक्टर श्री अग्रवाल द्वारा जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आज जिला पंचायत गरियाबंद के सभाकक्ष में दी गई। कलेक्टर ने संबंधितों को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ नियमानुसार आरक्षण की कार्यवाही संपादन करने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण में समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं निर्वाचन में कार्यरत जनपद एवं जिला पंचायत के समस्त अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

बिजली ठेका श्रमिकों ने आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ विद्युत ठेका श्रमिक विकास संगठन के मार्गदर्शन में डिवीजन पारागांव राजिम में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं डिवीजन घेराव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डिवीजन के समस्त विद्युत ठेकाकर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। धरना प्रदर्शन में 2 मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। वालेंदु राजपूत को 1 साल की पूरी सैलरी, इपीएफ, ईएसआईसी, बोनस दिया जाए तथा उनकी यथास्थान राजिम, छिंदबाहरा में पदस्थ किया जाए। गोबरा सबस्टेशन में 4 ऑपरेटर पहले ही पदस्थ है वहां चारों ऑपरेटर की शिप्ट और वेतन कटौती करके पांचवे ऑपरेटर को दिया जा रहा है जो कि कर्मचारियों के साथ अन्याय है इसलिए पांचवे ऑपरेटर को अन्यत्र जहां 4 ऑपरेटर नहीं है वहां पदस्थ किया जाए। इसके साथ ही इफोसी, एई मेंटनेंस, ड्राइवर का ईएसआईसी और इपीएफ क्लियर करने, नाम, मोबाइल, आधार, तथा अन्य परिवार के सदस्यों का नाम जुड़वाने, डिस्पेंसरी चेंज करने, वेतन 1 तारीख से 7 तारीख के बीच भुगतान करने, सुरक्षा उपकरण डिस्चार्ज रॉड, हेलमेट, लॉन्ग बूट, रेनकोट, लोड रजिस्टर इत्यादि उपलब्ध करने, एंड्रॉयड मोबाइल, और रिचार्ज उपलब्ध कराने के लिए लेटर के माध्यम से कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया तथा 7 दिन का समय इसके निराकरण के लिए दिया गया है, अगर इन 7 दिनों में मांग पूरी नहीं होती है तो काम बंद आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी विभाग शासन प्रशासन की होगी। इस पर कार्यपालन अभियंता ने हर संभव प्रयास कर, अपने स्तर के मांगो को पूरा करने और जिन मांगों पर निर्णय नहीं ले पाएंगे उसे आगे फॉरवर्ड कर इसका निराकरण करने की बात कही है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मार्गदर्शन देने प्रदेश महामंत्री चुम्मन साहू, बलराम ध्रुव, जिनेन्द्र साहू, योगेंद्र साहू, रवि बघेल, श्यामसुंदर साहू, ईश्वर साहू, नागेंद्र साहू, मुकेश वर्मा, विजय वर्मा, तरुण साहू सहित प्रदेश, जिला और डिविजन के पदाधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन वालेंदु सिंह राजपूत ने किया तथा कार्यक्रम के लिए उपस्थित सभी पदाधिकारियों, उपस्थित कर्मचारियों का कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

महिलाओं के मैच में ग्राम अमेठी प्रथम

महिलाओं को अवसर मिले तो समाज में बदलाव संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के ग्राम पंचायत लोहारी के कोदोपाली में पीएचएफ के सहयोग से लोक आस्था सेवा संस्थान और संगवारी महिला मंच के संयुक्त प्रयास से महिलाओं और किशोरियों के लिए खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन खास था, क्योंकि यह गरियाबंद ब्लॉक में महिला एवं किशोरियों का पहला क्रिकेट मैच था।

कार्यक्रम की शुरुआत संगवारी महिला मंच की मुखिया दीदी और जनपद सदस्य वीरेंद्र ठाकुर ने की। क्रिकेट खेल के दौरान किशोरियों में ग्राम कोदोपाली की टीम ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि दूसरा स्थान ग्राम लिटिपारा की टीम को मिला। महिलाओं के मैच में ग्राम अमेठी ने पहला और ग्राम कोदोपाली ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। खास बात यह रही कि भुजिया समुदाय की महिलाओं ने पहली बार क्रिकेट खेला, जो उनके लिए बेहद गर्व का क्षण था।

आत्मविश्वास के साथ खेल रही हैं महिलाएं

लोक आस्था सेवा संस्थान की प्रमुख लता नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि अगर महिलाओं और किशोरियों को अवसर दिए जाएं, तो वे समाज में बहुत कुछ बदल सकती हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट जैसे खेल, जिन्हें पहले पुरुष प्रधान माना जाता था, अब महिलाएं भी आत्मविश्वास के साथ खेल रही हैं। यह समाज में समानता और महिलाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यक्रम के समापन पर विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन में संगवारी महिला मंच की गणेशी बाई, बासन बाई, गंगा, द्रोपदी, सावित्री और चमारिन बाई सहित लोक आस्था के कई कार्यकर्ता शामिल रहे। ग्रामीणों ने इस आयोजन को सराहा और महिलाओं और किशोरियों के इस प्रयास को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी शामिल हुए। लोहारी पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच मूलसिंह ठाकुर ने कहा कि यह आयोजन महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है, और ऐसे कार्यक्रम लगातार होते रहने चाहिए। पीपरछेड़ी थाना से प्रहलाद ठाकुर ने भी महिलाओं के लिए इस प्रयास की सराहना की। दांतबाय कला पंचायत के सचिव एसएल साहू ने लोक आस्था के इस प्रयास को महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अहम बताया।

बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम

बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000
छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है।
बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।
बोर खनन के लिए संपर्क करें-
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

खबर संक्षेप

बृजमोहन ने छत्तीसगढ़ में आपदा प्रबंधन संस्थान खोलने की मांग की

रायपुर। लोकसभा में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा के दौरान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने छत्तीसगढ़ में आपदा प्रबंधन संस्थान खोलने की मांग की। श्री अग्रवाल ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा, यह विधेयक 15वें वित्त आयोग के निर्देशों के आधार पर तैयार किया गया है और इसमें राज्यों और जिलों को अधिक शक्ति दी गई है। विपक्ष द्वारा इस संशोधन विधेयक पर सवाल उठाना निराधार है। श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में एक आपदा प्रबंधन संस्थान स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा, राज्य खनिज, कोयला और लोहे के खनन के माध्यम से केंद्र को बड़ा राजस्व देता है, लेकिन हाथियों के उत्पात और नक्सलवाद जैसी समस्याओं से जूझ रहा है।

महंत बोले- भाजपा सरकार का पहला साल, छत्तीसगढ़ बदहाल

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, वादा निभाने वित्तमंत्री, गृहमंत्री के आवास का घेराव किया जा रहा है। सरकार के खिलाफ दिव्यांगजन आंदोलन करने को मजबूर हो गये हैं। दिव्यांग मुख्यमंत्री निवास घेरने को निकलने को विवश हो गये। यह सरकार के 1 साल की कथित सफलता की सच्चाई है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार के 1 साल में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया है। जनकल्याणकारी योजनाएं बंद हो गयी हैं। सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण 1 साल में ही राज्य के खजाने पर 37000 करोड़ से अधिक का कर्जा हो गया है।

वन्यजीवों का संरक्षण, संवर्धन करने समन्वय स्थापित करने दोनों राज्यों के वन अफसरों की हाई लेवल मीटिंग

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश बना हाथी-बाघ का कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के हाथियों का पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तथा मध्यप्रदेश के बाघों का राज्य में आमद पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा बढ़ गई है। हाथी तथा बाघ को किसी तरह से नुकसान से बचाने शुक्रवार को वन मुख्यालय में दोनों राज्यों के वन अफसरों की एक हाईलेवल बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों राज्यों के पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सहित वन्यजीव अफसर के साथ डीएफओ शामिल हुए।

बैठक में हाथी तथा बाघ के संरक्षण के लिए दोनों राज्यों के बीच सर्वोत्तम उपायों और समन्वय पर चर्चा की गई। बैठक में मध्यप्रदेश के पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ शुभ्रंजन सेन, राज्य के पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर कुमार अग्रवाल तथा एपीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ प्रेम कुमार के साथ मध्यप्रदेश के बांधवगढ़, कान्हा, संजय गांधी टाइगर रिजर्व के वन अधिकारी भी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ से टाइगर रिजर्व से और बिलासपुर तथा सरगुजा वन मंडल के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

संयुक्त प्रयास कर वन्यजीवों को बचाएंगे

दोनों राज्यों के वन अफसरों ने बाघ तथा हाथी के संरक्षण के लिए संयुक्त प्रयास करने की बात पर सहमत हुए। साथ ही, वन्यजीवों के आवास को सुरक्षित रखने के लिए परस्पर सर्वोत्तम उपायों का आदान-प्रदान किया जाएगा और छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के वन विभाग दोनों राज्यों के बीच निरंतर समन्वय स्थापित कर हाथी और बाघ संरक्षण की दिशा में कार्य करेंगे।

मध्यप्रदेश के बाघ ने बनाया टेरिटरी

गौरतलब है कि अचानकमार टाइगर रिजर्व तथा गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व मध्यप्रदेश स्थित कान्हा तथा संजय डुबारी नेशनल पार्क से सटा हुआ है। एटीआर तथा गुरु घासीदास के साथ कवर्धा स्थित भोरमदेव अभयारण्य में मध्यप्रदेश से बाघों तथा हाथी की आवाजाही होती रहती है। गुरु घासीदास में हर दूसरे तीसरे दिन संजय डुबारी के बाध विचरण करते हुए पहुंच जाते हैं। कान्हा में बाघों की संख्या बढ़ने से कान्हा का टी-200 टाइगर ने अचानकमार में अपना स्थायी टेरिटरी बना लिया है। राज्य के वन अफसर वर्तमान में यहां के टाइगर रिजर्व में 29 के करीब बाघ होने का दावा कर रहे हैं।

लैंडस्कैप एप्रोच अपनाने पर बल

बैठक में हाथी तथा बाघ के संरक्षण के लिए वन अफसरों ने लैंडस्कैप एप्रोच अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह दृष्टिकोण इन प्रजातियों के आवास को संरक्षित करने और उनके प्राकृतिक आवासों में बढ़ते खतरों को कम करने के लिए अत्यधिक प्रभावी माना गया है।

राजधानी रायपुर में एक प्राइवेट स्कूल का मामला

महिला कर्मचारी से मारपीट, वेतन भी रोका, महिला आयोग पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में एक प्राइवेट स्कूल के प्रबंधन व उसके अन्य सहयोगियों द्वारा एक महिला कर्मचारी से मारपीट करने तथा एक माह का वेतन नहीं देने का मामला सामने आया है। पीड़ित कर्मचारी ने इस मामले की शिकायत राज्य महिला आयोग में की है, जिस पर गुरुवार को सुनवाई हुई।

दोनों पक्षों को दस्तावेजों के साथ आगामी सुनवाई में बुलाया

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया, लक्ष्मी वर्मा, ओजस्वी मंडावी एवं दीपिका शोरी ने रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की।

इस सुनवाई में स्कूल में मैनजमेंट व बजट का कार्य करने वाली एक महिला कर्मचारी ने स्कूल प्रबंधक व अन्य उनके सहयोगियों पर उसे प्रताड़ित करने के साथ मारपीट और एक माह का वेतन नहीं देने का आरोप लगाया। पीड़िता ने आयोग को बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से स्कूल में अध्यक्ष की असिस्टेंट के रूप में कार्य कर रही है। स्कूल में अध्यक्ष ने गड़बड़ी की थी, जिसकी जांच करने के बाद प्रबंधक ने उसे हटा दिया। उसके हटाने के बाद प्रबंधक अब अध्यक्ष द्वारा की गई गड़बड़ी का हिसाब-किताब उससे मांग रही है, जबकि इस गड़बड़ी से उसका कोई लेना-देना नहीं है। इधर प्रबंधक व उसके सहयोगियों ने भी संदेह व्यक्त किया है कि इस गड़बड़ी में पीड़िता भी सहभागिता रही है, इसलिए उससे हिसाब-किताब मांगा जा रहा है। आयोग ने इस प्रकरण में दोनों पक्षकारों को आगामी सुनवाई में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

पत्नी को बच्चों से किया अलग समझाइश पर पति साथ रहने हुआ राजी

एक प्रकरण में एक व्यक्ति ने अपने दो बच्चों को पत्नी से छीनकर अपने पास रख लिया था। पत्नी की शिकायत पर इस मामले में आयोग ने सुनवाई की। इस दौरान आवेदिका ने बताया कि पति ने पारिवारिक विवाद पर उसके दो वर्ष और 4 माह के दोनों बच्चों को उससे छीनकर झांसी से दो सौ किलोमीटर दूर अपने रिश्तेदार के पास छोड़ आया है। इस सुनवाई में अनावेदक 2 वर्ष के बच्चे को लेकर पहुंचा था। आयोग ने इस पर अनावेदक को आगामी सुनवाई में दोनों बच्चों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

बुजुर्ग को प्रताड़ित करने पर बेटा-बहू को मकान खाली करने के निर्देश

आयोग में एक अन्य प्रकरण में एक बुजुर्ग महिला ने शिकायत की कि उसका बेटा और बहू दोनों उस पर अत्याचार कर रहे हैं। बेटा-बहू दोनों पीड़िता के घर में ही रहते हैं और शारीरिक व मानसिक रूप से उस पर अत्याचार कर रहे हैं। आयोग ने इस मामले में बुजुर्ग महिला को जहां न्यायालय में घरेलू हिंसा का केस दर्ज कराने की सलाह दी, वहीं बेटा-बहू को आवेदिका का मकान खाली करने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसा नहीं करने पर दोनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रदेश के वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने 21 दिसंबर को होने वाली 55वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी सरलीकरण के संबंध में विभागीय मंत्री को सुझाव संबंधी ज्ञापन सौंपा। चैबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि 55वें जीएसटी काउंसिलिंग की बैठक में सुझाव देने के लिए गत दिनों राजधानी के बाम्बे मार्केट स्थित चैंबर सभा भवन में विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनों एवं पदाधिकारियों की बैठक हुई थी। बैठक में प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही परेशानियों के संबंध प्रतिभागियों ने सुझाव दिए। इन्हीं सुझावों को सूचीबद्ध कर ज्ञापन सौंपा गया है। बिंदुवार दिए गये सुझाव में इनपुट टैक्स क्रेडिट जीएसटीआर 2बी केआधार मान्य होने संबंधी प्रावधान को वापस लेने, धारा 126 का विस्तार कर धारा 73 को शामिल करने संबंधी सुझाव शामिल है। साथ ही भरोसेमंद करदाताओं की पहचान करने के लिए जीएसटी अनुपालन रेटिंग का उपयोग करने संबंधी सुझाव दिया गया है। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से व्यापार एवं उद्योग के हित में व्यापारियों द्वारा दिये सुझावों को ध्यान में रखते हुए जीएसटी काउंसिल की बैठक में शामिल करने आग्रह किया है। चैंबर प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष-नरेन्द्र हरचंदानी, मंत्री-शंकर बजाज, राजेन्द्र खटवानी एवं टेक्नीकल टीम के सदस्य-.मुकेश मोटवानी, किशोर बरड़िया सहित अन्य पदाधिकारी प्रमुख रूप से शामिल थे।

खबर संक्षेप

जनपद अध्यक्ष एवं सरपंच का हुआ किरवई में सम्मान

राजिम। शासकीय प्राथमिक शाला किरवई में जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू व सरपंच यथार्थ शर्मा का सम्मान प्रतीक चिन्ह और बुके भेंट कर किया गया। इस अवसर पर नारायण साहू, शान्ति साहू , शकुन्तला साहू, उषा साहू, मधु महिलांग, मानकी चंदेल, संतोषी साहू मौजूद थे।

शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान

महासमुंद। ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 16 दिसंबर विजय दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए पूर्व सैनिक संगठन द्वारा साफ-सफाई की गई। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि इस दिन भारत-पाकिस्तान की लड़ाई हुई थी। भारतीय जवानों ने 25 जवान शहीद हुए थे। जबकि, 12 जवान घायल हो गये थे। इस दिन विजय दिवस पर शहीदों के परिवार जनों को सम्मानित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है।

आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

महासमुंद। प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतका के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें सांप के काटने से मृत्यु होने पर विकासखंड बसना के ग्राम बुटीपाली की मृतका ज्योति यादव के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

समस्याओं के निराकरण के लिए लगाया शिविर

महासमुंद। नगर पंचायत तुमगांव के धान खरीदी केंद्र में शिविर आयोजित किया गया। जहां किसानों के किसान सम्मान निधि से सबंधित सभी समस्याओं का निराकरण किया गया। कृषि विभाग के उच्च अधिकारियों को भी इस विषय में अवगत कराया गया। आगामी समय में सभी वार्डों में शिविर लगाकर इस समस्या का निराकरण किया जाएग। नगर के सभी किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने का पूरा प्रयास करने की बात कहीं। वहीं उद्यनीकी विभाग द्वारा किसानों को अनुदान में सब्जी के खेती करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम : गौशाला में गो पूजन कर, गोपालकों का किया गया सम्मान

खेतों में पराली को ना जलाएं : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

श्री कुंज बिहारी गोशाला सेवा समिति खुसरू पाली में मुख्यमंत्री विष्णु देव के 1 वर्ष पूरा होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य को सेवा आयोग द्वारा गौ पूजन, पशुपालकों का सम्मान एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन शुक्रवार को गौशाला में किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पशु चिकित्सक डॉक्टर के पी शर्मा एवं सर्व आदिवासी समाज के जिला संरक्षक छत्तर सिंह ठाकुर, पंचायत के सचिव कृष लाल सिंहा सहित उपस्थित गोपालको के बीच कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ माता के पूजा अर्चना के साथ किया गया एवं उपस्थित पशुपालकों, दानदाताओं का गुलाल लगाकर एवं गमछा प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सभी का सम्मान गौशाला सेवा समिति के अध्यक्ष मोहन ठाकुर, शीतल ध्रुव ,रूपनाथ बंजारे के द्वारा उपस्थित सभी लोगों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर गौशाला समिति के अध्यक्ष मोहन ठाकुर ने कहा कि शासन के निर्देशों का लगातार पालन करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साथ-साथ सभी से अपील की है कि खेतों में पराली को ना जलाएं और पशुओं के लिए उन्हें रखें अगर खेतों में पैरा और चारा होने से गाय भैंस सड़क पर नहीं दिखेगा और साथ ही साथ में उनके गोबर से भी खाद बनेगा जो खेत को उपजाऊ बनेगा।

गायों के संरक्षण व सवर्धन में आगे आएं

साथ-साथ उन्होंने कहा कि खेतों में गोबर खाद के अलावा फसल चक्र की भी आवश्यकता है। ताकि खेतों का उर्वरक शक्ति बना रहे। इस अवसर पर पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा बधिया करन, टीकाकरण क्रिमि नाशक की दवाई पिलाई गई। सर्व आदिवासी समाज के जिला संरक्षक छतर सिंह ठाकुर ने भी कहा कि सरकार द्वारा गाय का पूजन किया जाना एक अच्छी शुरूआत है। इसमें अधिक से अधिक लोग भाग लेवे और गाय के संरक्षण, सवर्धन में आगे आए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में समाज में अभी व्यवस्था करनी होगी कि सभी काम से कम गाय की सेवा करें और गाय में 35 करोड़ देवी- देवताओं का वास है उस हिसाब से हम सब उन्हें साक्षात भगवान मानते हुए उनकी पूजा के साथ पालन करेंगे तभी हमारी संस्कृति आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर गौशाला समिति के यशवंत यादव, गोलू वर्मा, पुनीत ठाकुर, खैर झिटी ग्राम पंचायत के उप सरपंच उमान ठाकुर, गोपालक भोला यादव, घनश्याम कुर्रे, बाजारू निषाद, झम्मन यादव, जितेंद्र यादव, माधो साहू, ईश्वर साहू विनय कुमार एवं पशु चिकित्सा विभाग के मनीष देवांगन, श्रवण विश्वकर्मा उपस्थित थे।

कलश यात्रा के साथ शिव श्री महापुराण कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के ठाकुरदेव पारा गांधी चौक में शुक्रवार से श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। दोपहर 4 बजे विशाल शोभायात्रा गाजे- बाजे के साथ निकाली गई। कथावाचक आचार्य पंण्डित मनोज दुबे शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां पंचवेदी पूजन चंचुला की कथा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिवसेना वाहिनी एवं समस्त अचंलवासियों द्वारा किया जा रहा है। दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कथा का वाचन होगा। 13 से 19 दिसम्बर तक कार्यक्रम का अयोजन किया गया है। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से आर्चाय पंण्डित मनोज दुबे धमतरी, मदन सेन, दीपक यादव नरेश सिंन्हा, भागीरथी साहू, मोहन साहू, रमेश सेन, बसंत विश्वकर्मा, मंगल यादव, कृष्णा पटेल एवं शिव सेवा वाहिनी मैनपुर एवं क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

पंचायत छुरा में मनाया गया सुशासन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जनपद पंचायत छुरा में सुशासन दिवस का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ। इस खुशहाल अवसर पर रंगोली माध्यम से सुशासन दिवस मनाया गया। जिसमें सीईओ रूप कुमार ध्रुव, डीपीएम पतंजलि मिश्रा, डीपीएम आशीष, सुभाष चंद्र निर्मलकर, शीतल ध्रुव समाज सेवक, स्नेहांशु मिस्त्री, घनश्याम कुमार सिन्हा क्षेत्रीय समन्वयक, लितेश कुमार ध्रुव क्षेत्रीय समन्वयक, झरना साहू क्षेत्रीय समन्वयक, लेखपाल मनोज ठाकुर, खुशवंत यादव, जेंडर एम्टी कविता, सदस्य, एवं बिहान के समस्त दीदीयो उपस्थित हुए।

स्कूली बच्चों ने लगाएं स्टॉल, पालक व क्षेत्र के लोगों ने जमकर खरीददारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 2 किलो मीटर दूर स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मिडियम स्कूल मैनपुर में आनंद मेला का आयोजन किया गयाल। इस मेला में स्कूली छात्र- छात्राओं द्वारा अनेक प्रकार के दुकानों के स्टॉल सजाये गए थे। जहां छात्र- छात्राओ के साथ उनके पालक व ग्रामवासी बड़ी संख्या में पहुंचकर जमकर खरीदादारी की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा प्राचार्य बीएस नागेश द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। इस मौके पर प्राचार्य बीएस नागेश ने कहा कि हर वर्ष विद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया जाता है। जिसमें छात्र- छात्राएं अपने हाथों से छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाकर उसे दुकानों में सजाकर बेचते हैं जिससे उन्हे व्यापार व्यवसाय करने की तौर तरीके व शिक्षा हासिल होती है। उन्होने कहा इस तरह के आयोजन से बच्चों के मानसिंक व बौद्धिक विकास भी होता है। वरिष्ठ शिक्षक जावेद मेमन ने कहा की आनंद मेला के आयोजन से जहां एक ओर छोटे छोटे बच्चे दुकान लगाकर सामग्री क्रय विक्रय करते है वहीं उनके पालक सहित क्षेत्रवासी एक जगह एकत्र होकर स्कूल के विकास के बारे मे सोंचते है जिससे निश्चित रूप से इसका लाभ देखने को मिलता है। उन्होने आगे कहा की इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा बना रहता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से बीएस नागेश जावेद मेमन, रामेश्वरी ध्रुव, संतोष पटेल, गणेश बघेल, अखिल चेलक, परिमल यादव, गीता यादव, सुषमा दास, राधा रोशन साहू, रोली शर्मा, नेहा जैन, मिनेश्वरी साहू, जितेन्द्र पाण्डेय, वत्सल गुप्ता, त्रिवेणी, रवीकुमार उराव, भावना, प्रज्ञा साहू, लक्ष्मी व्यापारी, निधी एक्का, सोनी कौशिक, अनुरागनी, याद साहू, दीलीप साहू, हलधर मेहर, लिंकन आवले, सन्नीदास, विनय कपिल, दानेश्वरी, खिरमिला, भुष्ण चिरंजीवी साहू, रूपेश यादव सहित छात्र- छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पीएम जीवन ज्योति बीमा की राशि मिली

राजिम। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा राजिम से प्रकाश राजपूत पिता स्व. सुरेंद्र सिंह राजपूत के द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा कराया गया था। चूंकि प्रकाश राजपूत का आकस्मिक निधन हो गया। इसके उपरांत इस योजना की बीमा राशि 2 लाख रुपये उनके परिवार वालो को ग्रामीण बैंक शाखा राजिम के द्वारा प्रदान किया गया जिसमें मुख्य रूप से शाखा प्रबंधक सीमा देवांगन एवं अन्य बैंक अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति रही जिमसें पूर्णिमा कौशल और दिव्या मिश्रा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक राजिम शाखा के द्वारा सहयोग रहा।

प्राचीन भारत के गौरव को लेकर विश्व पटल पर चमकेगा सिरपुरः रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भेंटकर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने लोकसभा अंतर्गत सिरपुर नगर में शोध सर्वे एवं उत्खनन के साथ-साथ सिरपुर को विश्व धरोहर में सम्मिलित करने और पर्यटन संबंधी संभावनाओं के विकास के लिए सहयोग मांगा। केंद्रीय मंत्री ने सिरपुर के गौरवशाली इतिहास को सुनने के बाद केंद्र सरकार द्वारा सिरपुर नगर के विकास के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने का विश्वास दिलाया है। सांसद चौधरी ने बताया कि सिरपुर में नए सिरे से शोध सर्वे एवं उत्खनन और इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा कि वर्तमान स्थापित ग्राम वासियों को कोई समस्या ना हो, लोकसभा चुनाव के प्रचार समय से ही रूपकुमारी चौधरी यह कहती रही है कि विकास कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही सिरपुर एवं राजिम जो छत्तीसगढ़ के साथ-साथ भारत के गौरवशाली इतिहास स्थापत्य कला एवं नगर शैली के परिचायक हैं, इन्हें विश्व पटेल पर प्रदर्शित करने के साथ-साथ पर्यटन संबंधी संभावनाओं के विस्तार एवं विकास के लिए हर संभव प्रयास के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं।

गौशाला में विधायक ने किया पौधारोपण

राजिम। विधायक रोहित साहू गौशाला पहुंचकर गौ माता पूजा कर पौधारोपण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष महेश यादव , भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा ,गौसेवा समिति के अध्यक्ष घनाराम साहू, सुनील श्रीवास्तव,मनीराम साहू सहित अनेको महिलाएं मौजूद थी।

जमीन बंटवारे की बात पर मारपीट

महासमुंद। पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांव में जमीन बंटवारे की बात पर मारपीट के आरोप में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। सक्तीपारा उर्कुरा रायपुर थाना खमतराई जिला रायपुर निवासी कुमारी बाई निर्मलकर ने पुलिस को बताया कि 9 दिसंबर को जमीन बंटवारे के लिए वह अपनी मां बुंदा बाई निर्मलकर व उसकी बड़ी बहन कुंती निर्मलकर मायके ग्राम नवागांव गए थे। 11 दिसंबर को सुबह घर के जमीन बंटवारा के लिए उनका भाई सुरेश निर्मलकर गांव के लोगों को बुलाए थे, जमीन बंटवारा की बात होने के बाद रात में सभी खाना खाकर सोये थे। रात करीबन 1 बजे सुरेश निर्मलकर ने तुम लोग बंटवारा लेने आए हो कहकर अश्लील गाली गलौच कर हाथ-मुक्का से एवं टंगिया से कुमारी बाई व कुंती निर्मलकर से मारपीट करने लगा।

खबर संक्षेप



तालाब जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृत

राजिम। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के प्रयासों से राजिम नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 पथर्रा में शीतला तालाब जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए 37.54 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। राज्य प्रवर्तित योजनान्तर्गत प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर यह राशि स्वीकृत की है। यह कार्य तीन चरणों में पूर्ण होगा। कार्य की स्वीकृति मिलने पर वार्ड के नागरिकों ने हर्ष जताते हुए विधायक रोहित साहू के प्रति आभार प्रकट किया है। कार्य की स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक रोहित साहू ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार प्रकट किया तथा बताया कि बहुत जल्द राजिम नगर के वार्ड क्रमांक 4 में स्थित तालाब का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के लिए राशि स्वीकृत की जाएगी। उन्होंने कहा कि विधायक बनने के बाद /"हमर राजिम मिलके संवारबो/" के ध्येय वाक्य के साथ हमने कार्य शुरू किया था और एक वर्ष के कार्यकाल में क्षेत्र सहित नगर के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्यों की स्वीकृति मिली है जो हमारे लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आने वाले समय में भी नगर व क्षेत्र की जनता के मंशा के अनुरूप विकास कार्य किए जाएंगे, कहीं भी विकास कार्यों की कोई कमी नहीं होगी। विधायक श्री साहू का आभार प्रकट करने वालों में पार्षद पुष्पा गोस्वामी, कुलेश्वर साहू, गोविंदा पाल, कमल वर्मा,रामजीवन साहू, शांति साहू, मनीषा साहू,ईश्वर साहू, भागवत साहू,लिकेश्वर साहू, चंद्रहास साहू आदि शामिल हैं।

चित्रंश ध्रुव एनएसयुआई के प्रदेश सचिव नियुक्त

मैनपुर। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के चित्रंश ध्रुव को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति

एनएसयुआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी के अनमोदन से प्रदेश अध्यक्ष निरज पाण्डेय के सहमति से चित्रंश ध्रुव को प्रदेश सचिव नियुक्त कया गया है। अपनी नियुक्ति पर अभार व्यक्त करते हुए चित्रंश ध्रुव ने कहा कांग्रेस के भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा उन्हे जो जिम्मेदारी दी गई है। उसे बाखुबी निभाउंगा प्रदेश एवं अपने जिले के अंतिम छोर तक छात्र छात्रओं तक पहुंच कर संगठन को मजबूति प्रदान करूंगा एवं छात्र हित में हमेशा संघर्ष करने की बात कही है।

तुमगांव में निर्माण कार्य का निरीक्षण

महासमुंद। नगर पंचायत तुमगांव में अनेक विकास कार्य कराया जा रहा है। इसी कड़ी में भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य मूर्ति वार्ड नं 13 गार्डन स्थल में स्थापित की जाएगी। साथ ही चबूतरा व भव्य सौंदर्यीकरण कार्य लगभग 19 लाख रुपए की लागत से होगा।

प्रवचन : गरियाबंद में भव्य कलश यात्रा के साथ शुरु हुई श्रीमद्भागवत कथा

भाव प्रधान है भागवत कथा, जो हमें धर्म अधर्म, पाप और पुण्य का कराती है बोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गांधी मैदान में 13 से 20 दिसंबर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। ममता सोहन सिन्हा परिवार ने यह आयोजन अपने पूज्य स्वर्गीय पिता बृजलाल सिन्हा और पूर्वजों की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से किया है। कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, किशोरियां और श्रद्धालु उपस्थित रहे। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धेय नारायण महाराज ने अपने सिर पर भगवान श्रीकृष्ण के प्रेममयी कलश को धारण कर नगर भ्रमण किया। उन्होंने कलश यात्रा का महत्व बताते हुए कहा कि इसमें भाग लेने वालों पर 33 कोटि देवी-देवताओं की कृपा होती है, और उन्हें सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। यात्रा के बाद वेद मंत्रों और राधे-राधे के जयघोष के साथ कथा प्रारंभ हुई। प्रथम दिवस पर भागवत महात्म और राजा परीक्षित के जन्म की कथा का वर्णन किया गया।

कथा का महत्व और जीवन में सुधार का संदेश

महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य को मुक्ति मिल सकती है। उन्होंने राजा परीक्षित के प्रसंग का

उदाहरण देते हुए कहा कि इस कथा के प्रभाव से परीक्षित ने अपने भीतर मृत्यु का भय दूर कर मोक्ष प्राप्त किया। महाराज ने सभी से आग्रह किया कि अगले सात दिनों तक चलने वाली इस पवित्र कथा का श्रवण कर अपने जीवन को सुधारने और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करने का अवसर न गंवाएं। यह श्रीमद्भागवत कथा केवल आध्यात्मिकता का पर्व नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और धर्म के मार्ग पर चलने का प्रेरणास्त्रोत है। गरियाबंद वासियों के लिए यह कथा एक अनमोल अवसर है, जिससे वे भक्ति और मोक्ष का अनुभव कर सकते हैं।

भक्ति और धर्म पर विशेष प्रवचन

नारायण महाराज ने भक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भक्ति मार्ग पर चलना सरल नहीं है। केवल वहीं इस मार्ग पर अग्रसर हो सकते हैं, जो विकारों और मद-मत्सर से मुक्त हों और जिनका चित्त शुद्ध हो। उन्होंने कहा की भगवान की कथा भाव प्रधान है। यह हमें धर्म और अधर्म, सत्य और असत्य, पाप और पुण्य का बोध कराती है। हमारी संस्कृति और सनातन धर्म के संरक्षण में कथाकारों की अहम भूमिका है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में कथा का प्रभाव अतुलनीय है।

भाषण विधा में ओंकार प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में आगे लाकर उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले युवा उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन इस वर्ष भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग व नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित युवा उत्सव में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में सामुहिक लोकगीत, एकल लोकगीत, सामुहिक नृत्य, एकल नृत्य, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण,विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाइल, कृषि उत्पाद रॉकबैंड आदि अलग अलग विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक स्तर में आयोजित किया गया था। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लिए। उत्सव में जिले के युवाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों में भाग लिया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित अभ्यर्थी राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संवाद का अवसर एवं नगद पुरस्कार उन्हें मिलेगा। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने के लिए युवाओं को पुरस्कृत भी किया गया। फिंगेश्वर विकासखंड का प्रतिनिधित्व करते ग्राम बहेरापाल के ओंकार साहू ग्राम बहेरापाल द्वारा तात्कालिक भाषण विधा में सोशल मीडया व युवा/" विषय में अपने तात्कालिक भाषण प्रस्तुत किया। जिसको निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम स्थान घोषित किया गया। यह जिला स्तरीय युवा उत्सव जिला मुख्यालय गरियाबंद के पीएम श्री आत्मानंद विद्यालय में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया था जिसका शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी में पूजा करके सभी नोडल अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण व समापन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद गरियाबंद के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके रहे। साथ में जिला नोडल अधिकारी व प्रभारी खेल अधिकारी अंजली खलखो रहे। ग्राम बहेरापाल के ओंकार साहू को तात्कालिक भाषण में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ब्लॉक नोडल अधिकारी हरीश निषाद, गोप साहू, वर्मा सर व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जनपद सदस्य दीपक साहू, कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा सहित पूरे क्षेत्रवासियों ने उज्जवल भविष्य शुभकामनायें दी।

6.73 लाख की लागत से टीना शेड निर्माण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत कुरूद में 6 लाख 73 हजार रुपये की लागत से टीना शेड निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू रहीं। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सदस्य नर्मदा साहू उपस्थित थीं। कार्यक्रम में सरपंच लुकेश कंवर और उपसरपंच प्रहलाद साहू ने भी योगदान दिया। भूमिपूजन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिला समूहों की उपस्थिति रही। टीकम साहू, हुकुम साहू, भागवत साहू सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। यह निर्माण ग्रामवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, जो सार्वजनिक उपयोग के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

कैबिनेट के निर्णय से मिलर्स में निराशा : गिरधारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के सभी मिलर्स ने अपनी मांगें राज्य सरकार से सहमति मिलने उपरांत भी बकाया भुगतान, एसएलसी दर से परिवहन भुगतान एवं अन्य मांगे पूरी नहीं होने पर इस माह की 20 तारीख तक कस्टम मिलिंग कार्य में असहयोग करने का निर्णय लिया है। बताया कि बैठक में प्रदेश एसोसिएशन अध्यक्ष योगेश अग्रवाल सहित पूरे प्रदेश से लगभग 2500 राइस मिलर्स उपस्थित थे। श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार की कैबिनेट की बैठक में चावल उद्योग से संबंधित विषयों पर निर्णय लिया जिसमें मिलर्स को वर्ष 2024-25 की प्रोत्साहन राशि 80 रुपये क्विंटल करने, मिलर्स को वर्ष 2023-24 के प्रोत्साहन की एक किस्त का भुगतान करने के साथ ही

पेनाल्टी विषय पर निर्णय लिए गए। मिलर्स वर्ष 2022-23 के प्रोत्साहन की एक किस्त चाहते हैं जबकि कैबिनेट ने वर्ष 2023-24 के भुगतान पर मुहर लगा दी, साथ ही एसएलसी की दर से भुगतान का विषय कैबिनेट में नहीं रखा गया ।इन दो बड़ी मांगों पर पूर्व में राज्य सरकार के साथ चर्चा में सहमति के उपरांत भी मांगें पूर्ण नहीं होने पर मिलर्स का धैर्य टूट गया। बैठक में उपस्थित मिलर्स ने कहा कि यह मिलर्स के साथ वादा खिलाफी है । एक तरफ मिलर्स में कैबिनेट होने के पूर्व उत्साह का वातावरण बना हुआ था कि कैबिनेट में उनकी मांगें पूर्ण होंगी लेकिन कैबिनेट से जो निर्णय आया उससे पूरे प्रदेश के मिलर्स में निराशा का वातावरण बन गया। प्रदेश भर के मिलर्स ने मांग की है कि प्रदेश सरकार तत्काल निर्णय लेकर जिन विषयों में सहमति बनी उस पर अमल होकर समस्या का समाधान निकाल सके जिससे किसानों को भी कोई असुविधा ना हो। बताया कि मिलर्स को कस्टम मिलिंग का बकाया भुगतान जो करोड़ों में है वह ना होने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब है। मिलर के पास बैंक गारंटी बनाने, चावल जमा करने पैसा नहीं है। ऐसी स्थिति में मिलर को भुगतान के अभाव में मिलर कस्टम मिलिंग कार्य करने असमर्थ हो चुका है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है जब मिलर अपनी समस्या को सरकार के सामने रख रहा है। एसोसिएशन के माध्यम से अनेकों बार पत्र व्यवहार किया गया। सभी जिलों के मिलर्स ने अपने जिले के जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया। यह पिछले काफी दिनों से चल रहा था लेकिन अब तक इसका समाधान नहीं हो पाया। जिससे मिलर को यह निर्णय लेना पड़ा कि वे पुनः सरकार से आग्रह करते हैं कि उनके मांगों पर जिन पर सरकार ने सहमति दी उसे शीघ्र निर्णय लेकर पूरी करें। जिससे कस्टम मिलिंग कार्य सुचारू रूप से चल सके। बैठक में सभी जिलों के जिला अध्यक्ष के अलावा बड़ी संख्या में मिलर्स उपस्थित थे।

छात्राओं एवं महिला की सुरक्षा के लिए दी अभिनव ऐप की दी गई जानकारी

पुलिस विभाग महिला सुरक्षा के लिए 24 घंटे सजग है : टीआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

थाना फिंगेश्वर द्वारा बीरेन्द्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय जामगांव में अभिनव मोबाईल ऐप की जानकारी साक्षा करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें प्रधान आरक्षक संकल्प के द्वारा कॉलेज की सभी छात्रओं को छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा जारी अभिनव मोबाईल ऐप्लीकेशन की बारीकी से जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की पहल का यह मोबाईल ऐप महिलाओं की सुरक्षा के लिए आनलाईन 24 घंटे मददगार साबित होगा। इस ऐप के माध्यम से कोई भी महिला अपने साथ हुए किसी भी प्रकार के अपराध को पंजीबद्व कर सकती है। ऐप में एक बार साइन इन करने के बाद इसमें सभी प्रकार के अपराधों की लिस्ट दी गई है,यह ऐप नये भारतीय संहिता के धाराओं पर

आधारित है।अपराध पंजीबद्व होने के बाद यह संबंधित थाने को ट्रांसफर कर दिया जाता है। विवेचक अधिकारी को 7 दिवस के अंदर मामले की जांच संबधी जानकारी आनलाइन अपलोड करना आवश्यक होता हैं। इस प्रकार यह ऐप त्वरित कार्यवाही के लिए सुलभ संसाधन उपलब्ध कराता है। एक बार रजीस्ट्रर करने के पश्चात बार-बार पीड़ित को मूलभूत जानकारी डालने की आवश्यक्ता नहीं होती। कार्यक्रम को टीआई पवन वर्मा फिंगेश्वर द्वारा संबोधित करते हुए कहा गया कि आज के आनलाईन युग में किसी भी स्त्री को भयभीत होने की आवश्क्ता नहीं है। पुलिस विभाग सदैव महिला सुरक्षा के लिए 24 घंटे सजग है। इस ऐप के माध्यम से आप किसी भी प्रकार की छोटी से छोटी एवं बड़ी से बड़ी समस्या के समाधान के लिए आवेदन कर सकते हैं। समस्या को छुपाना समस्या को बढ़ावा देना साबित होता है। इसलिए आप सभी हमें किसी भी प्रकार की समस्या होने पर ऐप के माध्यम से या फोन काल डायल 112 एवं 100 नंबर पर काल करके जानकारी दे सकते है। कार्यक्रम में थाना प्रभाररी पवन वर्मा, प्रधान आरक्षक संकल्प, आरक्षक, कालेज संचालिका उशा शर्मा, प्राचार्य डॉ. संजय कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक विजय कुमार सिन्हा, सिद्धांत पोद्दार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

बेलर व चरौदा उपार्जन केंद्र में मनाया गया सुशासन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार का एक वर्ष पूरा होने पर 13 दिसंबर को प्राथमिक सहकारी समिति बेलर एंव चरौदा के तत्वावधान में उपार्जन केन्द्र में जनादेश परब महोत्सव शुक्रवार को मनाया जाएगा। जिसमें राज्य सरकार के सुशासन के एक साल की खुशियां की झलक किसानों की चेहरा में दिखाई दिया। इसके तहत बेलर समिति प्राधिकृत अमरसिंग साहू, समीति प्रबंधक नीलकंठ साहू पुर्व उपसरपंच खोमन साहू, युवा भाजपा तुलाराम साहू, राकेश साहू, ललित साहू, देवी राम साहू , उपार्जन केन्द्र बेलर में उपस्थित थे।

वरिष्ठ भाजपा एवं समिति प्राधिकृत बेलर अमरसिंग साहू ने कहा की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। यहां 30 धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। बेलर में 12 दिसम्बर तक 17898 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है।

इसी तरह प्राथमिक सहकारी समिति चरौदा के उपार्जन केन्द्र में भी शुक्रवार को विष्णु देव की भाजपा सरकार द्वारा विकास उपलब्धि के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस मनाया गया। चरौदा खरीदी केन्द्र में अब तक 30974 क्विंटल धान खरीदी की गई है। इस अवसर पर चरौदा समिति प्राधिकृत ईतवारी राम सिन्हा, भाजपा बुथ अध्यक्ष अभय साहू , वरिष्ठ भाजपा भागवत सिन्हा, वेदराम साहू, किसान परदेशी राम सिन्हा, किसुन ध्रुव, मासिग पटेल, तेजराराम सिन्हा, यशवंत ध्रववंशी, सोनू पटेल, राधे श्याम साहू, श्यामाचरण, ललित सिन्हा , समिति प्रबंधक संतु साहू, लिपिक हेमन्त साहू, सोमनाथ ध्रुव, रविन्द्र ध्रुव उपस्थित थे।

स्वास्थ्य केंद्र खड़मा में आयोजित रक्तदान शिविर में लोगों ने किया रक्तदान

ब्लड डोनेट करने से बढ़ती है शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुडागांव(कोरासी)

छुरा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड़मा में स्वास्थ्य विभाग एवं विशाल सर्व समाज रक्तदान शिविर का आयोजन 12 दिसंबर को छत्तीसगढ़ शांकम्भरी सेवा संस्थान के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम भारत माता के छाया चित्र पर जनपद सदस्य लगनी बाई साहू, सरपंच प्रेमाराम कंवर,उप सरपंच तीलेन्द्र कुमार साहू, डाक्टर भावेश पटेल, डाक्टर महावीर प्रसाद बरगाह के द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज पटेल ने कहा जिला प्रशासन व अस्पताल द्वारा रक्त की कमी के कारण किसी मरीज की मौत न हो उसके लिए निरंतर रूप से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जा है।साथ ही जिले के सामाजिक संस्थाओं व समाजसेवियों द्वारा भी रक्तदान शिविर का आयोजन कराया जाता है, लेकिन इसके बावजूद ब्लड बैंक में ब्लड की कमी पाई जाती है बताते चलें कि रक्तदान को लेकर लोगों में मिथ्या है कि रक्तदान करने से कमजोरी होती है जिसके कारण ज्यादातर लोग ब्लड डोनेट करने से कतराते हैं।

तीन माह में एक बार ब्लड डोनेट अवश्य करें- डॉक्टर महावीर बरगाह ने बताया कि ब्लड बैंक में हमेशा तो ब्लड की कमी बनी रहती है इसका प्रमुख कारण है लोगों में जागरूकता की कमी लेकिन मैं लोगों को बताना चाहूंगा साथ ही लोगों से आग्रह करता हूं कि लोग निसंकोच होकर ब्लड डोनेट करें रक्तदान महादान होता है रक्त का कोई सब्स्टीट्यूट नहीं है ब्लड डोनेट करने से शरीर में कमजोरी नहीं होती है बल्कि ब्लड डोनेट करने से आपकी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और आपको बीमार होने की संभावना कम होती है इसलिए एक स्वस्थ व्यक्ति को तीन महीने में एक बार निश्चित रूप से ब्लड डोनेट करना चाहिए। तेजराम ध्रुव ने कहां कि हमारे जिले के सामाजिक संस्थाएं व समाजसेवी लोग कोशिश कर रहे हैं लेकिन हमारे जिले में ब्लड की आवश्यकता ज्यादा है जनरली सिकल सेल एनीमिया,थैलीसीमिया के भी मरीज हैं साथ ही अस्पताल में ऑपरेशन भी होती है इसलिए रक्त की आवश्यकता होती है।

रक्तदान दाताओं को दिया गया केला, सेब, संतरा, जूस व लंच बॉक्स

सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर ने कहा हम लोग अपने स्तर से हमेशा प्रयास करते हैं कि रक्त की कमी न हों. इसके लिए कोशिश में लगे रहते हैं कि सप्लाई चैन बना रहे लेकिन रक्त की कमी तो है. हमारा सभी एनजीओ,सामाजिक संस्था,समाजसेवियों व सभी नागरिकों से आग्रह है कि आप नियमित रूप से बल्ड डोनेट करें व करवाएं करें। ताकि ब्लड की कमी कारण कोई भी गरीब असहाय मरीजों की मौत ना हो इसका प्रयास हमलोग करते हैं।तो वहीं हमारे ब्लड बैंक में ब्लड की निरंतरता बनी रहेगी, जिससे हमलोग और भी बेहतर सेवा दे सकते हैं। वहीं सभी रक्तदान दाताओं को एच डी एफ सी बैंक आफिसर्स निरज साहू के द्वारा केला, सेब, संतरा, जुस एवं लंच बॉक्स गिफ्ट किया गया। रक्तदान शिविर में क्षेत्र लोग बड़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में खिलेश्वर सिन्हा, आत्माराम ठाकुर, समाजिक कार्यकर्ता रोशन देवांगन, रेखराम ध्रुव, शिक्षक सुखीराम साहू, रेड क्रॉस ब्लड सेंटर रायपुर स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।